कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **स्टेनोग्राफर हिन्दी(नियमित), स्टेनोग्राफर अंग्रेजी(नियमित), सहायक ग्रेड–03 (नियमित)** तथा **कोर्ट मैनेजर अमले के लिए संविदा** स्टेनोग्राफर एवं संविदा सहायक ग्रेड–03 के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में **प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 दिनांक 11 अगस्त 2024** को जिला जशपुर के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों में किया जाना निर्धारित किया गया है, जिसकी सूचना समस्त परीक्षार्थियों/अभ्यर्थियों को दिनांक **30.07.2024** को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के कार्यालयीन वेबसाईट के माध्यम से दी जा चुकी है ।

प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले **सहायक ग्रेड–03 के नियमित पदों तथा कोर्ट मैनेजर अमला हेतु संविदा सहायक ग्रेड–03 के पदों पर आवेदन करने वाले समस्त** परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम उपरांत उक्त पदों पर चयनित परीक्षार्थियों की **कौशल परीक्षा के आयोजन हेतु संभावित तिथि दिनांक 17 अगस्त 2024** चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्धारित की गई है । प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 में **चयनित परीक्षार्थियों की कौशल परीक्षा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के सभागार में प्रातः 9:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है ।**

कौशल परीक्षा लिये जाने के संबंध में संभावित परीक्षा तिथि में कोई भी परिवर्तन होने की दशा में परीक्षार्थियों को कार्यालय के वेबसाईट के माध्यम से सूचना पृथक से दी जावेगी । अतः अभ्यर्थियों/परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नियमित रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के शासकीय वेबसाईट का अवलोकन करें ।

स्थान– जशपुर ।
दिनांक–02.08.2024

सही/–
अध्यक्ष, चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)